# मकान में चल रही थी नकली दवा की मिनी फैक्ट्री, एक गिरफ्तार

Publish Date:Mon, 28 Jun 2021 10:35 PM (IST) | Author: Jagran



बागपत, जेएनएन। कानपुर व मेरठ के बाद अब बागपत में भी नकली दवा के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। अमीनगर सराय कस्बे में एक मकान में चल रही नकली दवा बनाने की मिनी फैक्ट्री का पर्दाफाश कर पुलिस ने वहां से एक आरोपित को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली दवा बरामद की हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दवा के दो नमूने लेकर लखनऊ प्रयोगशाला भेजकर फैक्ट्री सील कर दी। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है।

रविवार रात साढ़े दस बजे बागपत के ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर व मेरठ के ड्रग इंस्पेक्टर पवन शाक्य ने सिंघावली अहीर थाना पुलिस के साथ कस्बा अमीनगर सराय मोड़ में गफ्फार पुत्र हारुन के मकान में छापेमारी की। टीम को वहां नकली दवा बनाने की मिनी फैक्ट्री चलती मिली। मौके से टीम ने सुरेंद्र सिंह पुत्र रणजीत निवासी बालैनी को पकड़ लिया। मकान की तलाशी लेने पर टीम को एक कमरे से ब्रांडेड कंपनी की एंटीबायोटिक आगमेटिन-625 की 24 टेबलेट व पेन किलर (दर्द निवारक) अल्ट्रासेट के डिब्बों में 300 टेबलेट मिली। इसके अलावा दवा पैकिंग करने की मशीन, एल्यूमिनियम का एक रोल प्रिंटेंड व एक रोल प्लेन व अन्य सामान मिला। पूछताछ में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गफ्फार ने दो माह से नकली दवा पैकिंग करने की मशीन अपने घर में लगा रखी है। गफ्फार बाहर से टेबलेट बनवाकर लाता है और मशीन से टेबलेट को पैक कर बाजार में बेचकर रुपये कमाता है। फिलहाल गफ्फार मार्केट में दवाइयां बेचने गया है। कुछ देर बाद गफ्फार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपितों के खिलाफ ड्रग इंस्पेक्टर वैभर बब्बर ने थाने में धोखाधड़ी, औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा

दिया। सिघावली अहीर थाना प्रभारी रवि रतन सिंह ने बताया कि सोमवार को आरोपितों को अदालत से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर ने बताया कि आरोपित सुरेंद्र के पास औषधि बनाने का लाइसेंस नहीं मिला और न ही औषधि का कोई रिकार्ड मिला है। प्रथम दृष्टया दवा नकली है। सही पता दवा के नमूनों की लैब से रिपोर्ट आने पर चलेगा। तीनों फैक्ट्रियों से एक करोड़ से अधिक की बरामदगी

क्राइम ब्रांच ने बागपत से आग्मेंटिन टेबलेट, मशीनें, उपकरण, प्लास्टिक के बोरे में पोस्केट दवा, अल्ट्रासेट बेफनाट एम 1685 एमपाट के दो डिब्बे, रबर स्टैंप, दवाओं की पैकिग के उपकरण व मशीनें बरामद की हैं। मुजफ्फरनगर नई मंडी में तीन तरह की टेबलेट पैक करने की मशीनें, सीरप की बोतल पैक करने की चार मशीनें, बनी हुई टेबलेट, सिविल लाइंस थाने में दो कैप्सूल हैंड फिलिग मशीन, कैप्सूल में भरने के लिए टेलकम पाउडर 25 किलो, खाली कैप्सूल व एक अन्य टेबलेट के दो डिब्बे बरामद किए हैं।

Source:https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bagpat-mini-factory-producing-counterfeit-medicines-busted-in-baghpat-21781529.html